| आदेश की क्रम सं0 एवं तारीख | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई तारीख सहित |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01-09-22 | **आदेश**<br>प्रस्तुत आर0 ई0 वाद सं0–06/2018–19 (ईश्वर हेम्ब्रम –बनाम–नवाज मियाँ) आवेदक–ईश्वर हेम्ब्रम, पिता–स्व0 दुखन हेम्ब्रम, साकिन–बनडबरा, अंचल–मारगोमुण्डा, जिला–देवघर द्वारा मौजा–कानो के जमाबंदी नं0–37, दाग नं0–943 से विपक्षी को उच्छेद करने हेतु समर्पित आवेदन पर कार्रवाई प्रारंभ किया गया है।<br>इस संबंध में अंचल अधिकारी, मारगोमुण्डा से ज्ञापांक–612/डी0बी, दिनांक–30.05.2018 के द्वारा जॉच प्रतिवेदन की मांग की गयी, जो उनके पत्रांक–247/रा०, दिनांक–25.08.2018 द्वारा प्राप्त है, जो अभिलेखबद्ध है। जिसमें उल्लेखित है कि विपक्षी द्वारा उक्त भूमि से संबंधित कागजात की मांग करने पर बताया गया कि खतियानी रैयत बिशु हेम्ब्रम से बदलेन स्वरूप प्राप्त हुआ है, लेकिन बदलेन संबंधी कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया। विपक्षी द्वारा वाद सुनवाई के दौरान लिखित रूप में बताया गया कि उक्त जमीन का दावेदार मैं नहीं हूँ।<br>अतः अंचल अधिकारी, मारगोमुण्डा से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में विपक्षी नवाज मियॉ को आदेश दिया जाता है कि उक्त भूमि से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप दूर रहेंगे। इस आशय के साथ वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।<br>लेखापित एवं शुद्धित<br>1/9/22<br>अनुमण्डल पदाधिकारी, मधुपुर।<br>1/9/22<br>अनुमण्डल पदाधिकारी, मधुपुर। | |

Digitally signed by DINESH KUMAR YADAV
Date: 2022.10.14 11:06:01 +05:30
Location: 192.168.1.206